आकाशवाणी शिमला
25.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के अभियान में युवाओं से सकारात्मक रूप से शामिल होने का आग्रह किया है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि युवाओं का इस अभियान से जुड़ने का कदम स्वयं और देश के भविष्य को बदलने वाला साबित होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष लाल किले से उन्होंने गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले एक लाख युवाओं से राजनीतिक व्यवस्था से जुड़ने का आह्वान किया था, और इसका युवाओं पर प्रभाव पड़ा है जिसके परिणाम स्वरूप बड़ी संख्या में युवा राजनीति में प्रवेश करने के लिए तैयार हैं। मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने लोगों से **कैच द रेन** मूवमेंट और **एक पेड़ मां के नाम** अभियान से भी जुड़ने का आह्वान किया। जीवन में फिटनेस को अहम बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि फिट रहने के लिए लोगों को अपने खान–पान और रहन–सहन पर ध्यान देते रहना चाहिए।

मंत्रिमंडल

प्रदेश मंत्रिमंडल ने राज्य में ''मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना'' लागू करने का निर्णय लिया है। इसका उद्देश्य विधवाओं, निराश्रित व तलाकशुदा महिलाओं और दिव्यांग अभिभावकों को अपने बच्चों का पालन–पोषण और शिक्षा प्रदान करने में सहयोग देना है। ये निर्णय आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमण्डल की बैठक में लिया गया। योजना के तहत पात्र बच्चों को 18 वर्ष की आयु तक शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रतिमाह एक हज़ार रूपए का अनुदान दिया जाएगा। बैठक में शैक्षणिक सत्र 2023–24 के दौरान नर्सरी, एल.के.जी. और यू.के.जी. में दाखिल हुए बच्चों के लिए आयु में 6 माह की छूट को भी स्वीकृति दी गई। इससे उन्हें पहली कक्षा तक अगली उच्च कक्षाओं में दाखिले की अनुमति मिल सकेगी। मंत्रिमण्डल ने इंस्पैक्टर, जेल अधिकारियों और प्रदेश सचिवालय के सुरक्षा गार्डों के लिए राज्य पथ परिवहन निगम की बसों में रियायती यात्रा के मासिक शुल्क को एक सौ 10 रूपए से बढ़ाकर 5 सौ रूपए प्रतिमाह करने को भी मंजूरी दी।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने पर्यावरण संरक्षण व हरित आवरण बढ़ाने के लिए पौधरोपण को समय की मांग बताया है। शिमला ज़िले के नारकण्डा में आज पौधरोपण अभियान के दौरान उन्होंने कहा कि देवभूमि हिमाचल की पहचान यहां के वनों से है और इनका संरक्षण किया जाना ज़रूरी है। राज्यपाल ने कहा कि मौसम में हो रहे बदलाव का एक प्रमुख कारण वनों का कटान भी है और इस कमी को पौधे लगाकर पूरा किया जा सकता है। उन्होंने धार्मिक स्थल हाटू को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने और इस क्षेत्र में और अधिक सुविधाएं विकसित करने पर भी बल दिया।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने केन्द्र सरकार द्वारा घोषित एकीकृत पैंशन योजना को कर्मचारियों के लिए बड़ी खुशखबरी करार दिया है। उन्होंने आज शिमला में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने गंभीरता से देशभर में एकीकृत पैंशन योजना लाने की दिशा में काम किया है और इससे सभी कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित रहेगा। वहीं दूसरी ओर जयराम ठाकुर ने प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू सहित मंत्रियों और कर्मचारियों के बीच चल रहे वातावरण को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि जब भाजपा सत्ता में थी तो सभी मामलों को गंभीरता से सुना गया लेकिन अब कर्मचारियों की सुनवाई नहीं

हो पा रही है। एक सितम्बर से शुरू होने जा रहे भाजपा के सदस्यता अभियान पर उन्होंने कहा कि पार्टी प्रदेश में प्रत्येक बूथ पर 2 सौ सदस्य बनाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है।

खेल मंत्री

केंद्रीय युवा मामले व खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने नागरिकों से 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कम से कम एक घंटे के लिए किसी भी आउटडोर खेल में भाग लेने का आग्रह किया है। सोशल मीडिया पर जारी एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा कि आउटडोर खेलों में लोगों की भागीदारी फिट इंडिया मूवमेंट को आगे बढ़ाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का **'खेलेगा इंडिया–तभी तो खिलेगा इंडिया'** का दृष्टिकोण देश को खेलों के प्रति मार्गदर्शन देगा।

भाजपा

प्रदेश भाजपा सहप्रभारी संजय टंडन ने कहा है कि जनसंपर्क अभियान के माध्यम से पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुचाने का काम किया जाएगा। ऊना में आज सदस्यता अभियान की ज़िलास्तरीय कार्यशाला में उन्होंने कहा कि जन संपर्क अभियान के तहत भाजपा व्यक्तिगत तौर पर संपर्क करेगी। इस कार्यशाला में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को जनसंपर्क अभियान को युद्धस्तर पर ले जाने के लिए प्रेरित किया गया।

....